अति आवश्यक – बजट घोषणा अनुपालना

राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान

(जी–3 राजमहल रेजीडेन्सी, सी–स्कीम, सिविल लाईन फाटक के पास, जयपुर)

क्रमांकः एफ.15(ग)/पीडी/डीएलबी/इ.र.यो./ 22/1661

दिनांकः 10/8/2022

आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी
नगर निकाय, समस्त राजस्थान।

विषयः–नवीन इन्दिरा रसोईयों के भवन का कलर (Front Elevation), फ्लेक्स, ग्लोसाईनबोर्ड, होर्डिंग्स लगवाने के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि वित्तीय वर्ष 2022–2023 के बजट घोषणा में इन्दिरा रसोईयों की संख्या 358 से बढ़ाकर 1000 किये जाने पर 642 नवीन इन्दिरा रसोईयों का संचालन/स्थापना की जानी है, जिसके तहत् आपकी नगर निकायों में प्रस्तावित नवीन रसोईयों का भवन का कलर (Front Elevation), टाईप डिजाईन एवं योजना के प्रचार–प्रसार हेतु निम्नानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाना सुनिश्चित करें:–

1. **रसोई के बाहर का रंगः**–इन्दिरा रसोई के संचालन भवन के बाहर (Front Elevation) का कलर हल्का पीला/क्रीम रंग किया जावें।यदि भवन का (Front Elevation) पर स्टोन लगे हुऐ है, तो कलर करवाया जाना आवश्यक नहीं है।
2. **एल ई.डी. ग्लो–साईन बोर्डः**–इन्दिरा रसोई जिस भवन में संचालित की जानी है, उसके मुख्य द्वारा पर 3x8 फिट का एक "ग्लो–साईन" बोर्ड भवन के द्वार की साईज (संलग्न डिजाईन)के अनुसार लगवानें है।
3. **रसोई के बाहर स्वागत द्वारः**–इन्दिरा रसोई के संचालन भवन के बाहर वेलकम द्वार (संलग्न डिजाईन) लगवानी है।
4. **स्थायी स्ट्रक्चर हॉर्डिग्सः**– इन्दिरा रसोई के संचालन भवन के बाहर स्थाई 20x10 फिट साईज का फ्लेक्स स्थायी स्ट्रक्चर होर्डिग (संलग्न डिजाईन) पर लगवाया जावे। इस होर्डिग्स को ऐसे स्थान पर लगवाये, जिससे आने जाने में कोई बाधा उत्पन्न न हो।
5. **वेलकम स्टेण्डीः**– इन्दिरा रसोई भवन की जानकारी आमजन को हो सके, इसके लिए ऐसे कम से कम 4 से 5 वेलकम स्टेण्डी 3x6 फिट साईज की आवश्यकतानुसार (संलग्न डिजाईन) लगवायी जायें।
6. **प्रचार–प्रसारः**– इन्दिरा रसोई योजना के प्रचार–प्रसार के लिए 20x10 फिट साईज के होर्डिग्स समस्त नगरीय निकायों में राजकीय होर्डिग्स पर (संलग्न डिजाईन) अनुसार लगवायी जावें तथा इन्दिरा रसोई योजना का लॉगो 2.5x2.5 फिट के कम से कम 20 से 25 लॉगो लगाये जाये।
7. **इन्दिरा रसोई में निम्न बोर्ड (संलग्न नमूना) भी लगाये जावें:–**
   - साप्ताहिक भोजन मैन्यू का बोर्ड।
   - शिकायत एवं सुझाव हेतु टोल फ्री नम्बर का बोर्ड।
   - स्थानीय निकाय एवं प्रभारी अधिकारी के मोबाईल नम्बर का बोर्ड।
   - निःशुल्क भोजन प्रायोजककर्ता का बोर्ड।
8. **इन्दिरा रसोई का सौन्दर्यकरणः**– इन्दिरा रसोईयां सुन्दर दिखनी चाहिए, इसके लिए रसोई में योजना का लॉगो, फ्लैक्स/बोर्ड लगाये जाये साथ ही स्लोग्न, स्थानीय कलाकृतियां, गमले तथा कारपेट लगावें।
9. रसोई के अवशेष/झूठन हेतु अलग–अलग डस्टबिन रखे जावे।

उपरोक्तानुसार भिजवाई जा रही सभी डिजाईन के साथ किसी प्रकार की काट छाट नहीं की जाये। इसमें माननीय मुख्यमंत्री व इन्दिरा रसोई योजना के लॉगो के अलावा किसी अन्य जनप्रतिनिधी, अधिकारी या अन्य की फोटो नहीं लगाई जावे। उक्त कार्य को इन्दिरा रसोईयों के प्रस्तावित उद्घाटन से पूर्ववत् किया जाकर इन्दिरा रसोई भवन होर्डिग्स, एल.ई.डी. ग्लो–साईन बोर्ड, वेलकम स्टेण्डी की फोटो निदेशालय की मेल आई.डी indirarasoi@gmail.com पर आवश्यक रूप से भिजवावें।

उक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

संलग्न उपरोक्तानुसार

(हृदेश कुमार शर्मा)
निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव

क्रमांकः एफ.15(ग)/पीडी/डीएलबी/इ.र.यो./22/1662-66

दिनांकः 10/8/2022

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. निजी सचिव, निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर।
3. जिला कलक्टर पदेन अध्यक्ष जिला स्तरीय समन्वय एवं मॉनिटरिंग समिति (इ.र.यो.) समस्त राजस्थान।
4. उपनिदेशक (क्षेत्रीय) स्थानीय निकाय विभाग समस्त राजस्थान।
5. रक्षित पत्रावली।

(नरेश कुमार गोयल)
स्टेट नोडल अधिकारी